पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने आतंकवाद विरोधी शपथ दिलायी

एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठानी चाहिये - राज्यपाल

लखनऊः 21 मई, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर राजभवन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आतंकवाद विरोधी दिवस पर मानव जाति के सभी वर्गो के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव कायम करने तथा मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुँचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों का विरोध करने की शपथ दिलाई। राज्यपाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शपथ लेना आसान है किन्तु उसके अनुसार काम करना मुश्किल होता है। उन्होंने कहा कि हमें संकल्प के साथ एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठानी चाहिये।

राज्यपाल ने इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री, स्वर्गीय राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्य तिथि है। 1991 में एक चुनाव प्रचार सभा में आतंकवादी घटना के कारण उनका निधन हुआ था। पूरा देश 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाता है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय इन्दिरा गांधी और स्वर्गीय राजीव गांधी दोनों माँ-बेटे, प्रधानमंत्री रहते हुए आतंकवाद का शिकार हुए।

राज भवन